**Government of Bihar**
**Department of Environment, Forests & Climate Change.**

**Office of the Director, Ecology & Environment, Patna**

# E-tender Notice No. 03/2022-23

(Through e-procurement mode only over http/www.eproc2.gov.in)

Separate/online bids are invited for cleaning work of all Toilets, urinals, drinking water facilities, Tanks and its nearest areas, lake and other cleaning works in Sanjay Gandhi Biological Park, Patna.

| SL No. | Scope of work | Cost of tender document (In Rupees) (Online Mode)(Non Refundable) | Tender processing Fee (Non Refundable) | Earnest Money Deposit (In Rupees) | Period of work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Cleaning of all Toilets, urinals, drinking water facilities, Tanks and its nearest areas, lake and other cleaning works in Sanjay Gandhi Biological Park, Patna. | Rs. 1,000.00 | Rs. 590/- | Rs. 50,000/- | 01.02.2023 to 31.01.2024 |

## Tender Schedule/Programme

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Online Sale/Download date of Tender documents | From 15.01.2023 to 31.01.2023 *(http://www.eproc2.bihar.govt.in)* |
| 2 | Bid clarification date and time | 25.01.2023 – 11.00 A.M. (Director, Sanjay Gandhi Biological Park, Patna) |
| 3 | Date/Time for submission/uploading of offer/bid | Till 01.02.2023 upto 1.00 P.M. *(http://www.eproc2.bihar.govt.in)* |
| 4 | Submission of EMD. | EMD will be paid through online mode (i.e. Internet, Gateway IPG) Challan or offline (Bank Guarantee) only. |
| 5 | Contact person/Nodal Officer for queries | Director, Sanjay Gandhi Biological Park, Patna Email: patnazoobihar@gmail.com. Mobile No. 8986153174 |
| 6 | Date & time for opening of technical bid | 02.02.2023 at 3.00 P.M. |
| 7 | Financial bid opening date and time. | 03.02.2023 at 3.00 P.M. |

Tenderers are advised to read the detailed Terms & Conditions before submitting e-tender which can be downloaded from e-Procurement portal (*(http://www.eproc2.bihar.govt.in) or (www.forest.bihar.nic.in)*

For further details please contact the office of the Director, Sanjay Gandhi Biological Park, Patna in office hours.

## Eproc 2 address for any query and support:

Toll Free Number: 1800 572 6571

Email Id: eproc2support@bihar.gov.in
Working Hours: 8AM to 7PM (All days in week except Sunday and few selected state holidays)
eProc 2.0 Help Desk Address: mjunction services limited RJ Complex, 2nd Floor, Canara Bank Campus, Khajpura, Ashiana Road, P.S. - Shastri Nagar, Patna 800 014, Bihar.

Sd/- 9/01/2023
Director,
Ecology & Environment,
Patna

बिहार सरकार,
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग।

## कार्यालय– निदेशक, पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण, पटना।

**दिनांक01–02–2023 से 31–01–2024 तक संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना के अन्दर सभी शौचालयों, सभी खुले प्रसाधन केन्द्र, सभी पेयजल आपूर्ति केन्द्र, सभी टंकी तथा इन सभी के आसपास की सफाई, झील की साफ–सफाई एवं अन्य सफाई कार्य के लिए निर्धारित शर्तें।**

संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना के अन्दर अवस्थित सभी शौचालयों, सभी खुले प्रसाधन केन्द्र, सभी पेयजल आपूर्ति केन्द्र, सभी टंकी तथा इन सभी के आसपास की साफ–सफाई,झील की साफ–सफाई एवं अन्य सफाई कार्य एक वर्ष (दिनांक 01–02–2023 से 31–01–2024)तक करने के लिए दिनांक 27–01–2023 को 1.00 बजे अपराह्न तक ई–निविदानिदेशक, पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण, बिहार पटना, के पदनाम से आमंत्रित किया जाता है। निविदाकर्ता **'तकनीक्री बिड'** तथा **'वित्तीय बिड'** दो अलग–अलग विहित प्रपत्रों में भरकर ई–निविदा समर्पित करेंगे।

| | |
|---|---|
| निविदा प्रपत्र ऑनलाईन बिक्री/ डाउनलोड करने की तिथि एवं समय। | दिनांक 15.01.2023 से 31.01.2023 **(https:// www.eproc2.bihar.gov.in)** |
| निविदा के विवरणी की जानकारी प्राप्त करने की तिथि। | दिनांक 25.01.2023 **को 11.00** बजे पूर्वाह्न। (निदेशक, संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना के कार्यालय से) |
| ऑनलाईन निविदा समर्पित करने की तिथि एवं समय। | दिनांक 01.02.2023 **के 1.00** बजे अपराह्न तक। **(https:// www.eproc2.bihar.gov.in)** |
| अग्रधन राशि का समर्पण। | केवल ऑनलाईन मोड (अर्थात् इंटरनेट, गेटवे आई.पी.जी.) चालान अथवा ऑफलाईन (बैंक गारंटी) के माध्यम से किया जाएगा। |
| तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय। | दिनांक 02.02.2023 को 3.00 बजे अपराह्न। निदेशक, संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना के कार्यालय में। |
| वित्तीय बिड खोलने की तिथि एवं समय। | दिनांक 03.02.2023 को 3.00 बजे अपराह्न। |

*नोटः विशेष परिस्थिति में तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोलने के लिए निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान में परिवर्तन किया जा सकता है।*

2. ई–निविदा की प्रक्रिया में भाग लेने हेतु निविदाकर्त्ताओं को ई–निविदा के Service Provider के पास पंजीकृत होना होगा, जहाँ उन्हें उपयोगकर्त्ता का नाम (User ID) पासवर्ड (Password) एवं अंकीय हस्ताक्षर (Digital Signature) निर्गत की जायेगी। यह उन्हें वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.inसे डाउनलोड करने/ ई–टेंडर की प्रक्रिया में भाग लेने की योग्यता प्रदान करेगा। इसके लिए निम्नांकित पते पर सम्पर्क किया जा सकता हैः–

**Eproc 2 address for any query and support:**

Toll Free Number: 1800 572 6571

Email Id: eproc2support@bihar.gov.in
Working Hours: 8AM to 7PM (All days in week except Sunday and few selected state holidays)
eProc 2.0 Help Desk Address: mjunction services limited RJ Complex, 2nd Floor, Canara Bank Campus, Khajpura, Ashiana Road, P.S. - Shastri Nagar, Patna 800 014, Bihar.

3. यदि कोई निविदाकर्त्ता अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि ई–निविदा खोलने के समय उपस्थित नहीं होते हैं, तब भी ई–निविदा मान्य समझा जायेगा।

कृ०पृ०उ०

4. ई–निविदा प्रपत्र ऑनलाईन डाउनलोड किये जा सकते हैं जिसके लिए रू० 1000/– का ई–पेमेंट मोड (NEFT/RTGS/Credit Card/Debit Card, Net Banking) से भुगतान करना होगा जो अप्रत्यपर्णीय होगा। उसी प्रकार टेन्डर प्रोसेसिंग फीस रू० 590.00 का भुगतान भी ई–पेमेंट मोड से करना होगा जो अप्रत्यर्पणीय होगा।

5. निविदाकर्त्ता को अग्रधन की राशि के रूप में रू० 50,000/– (पचास हजार रूपये) का भुगतान केवल ऑनलाईन मोड (अर्थात् इंटरनेट, गेटवे आई.पी.जी.) चालान अथवा ऑफलाईन (बैंक गारंटी) के माध्यम से करना होगा।

## तकनीकी बिड एवं वित्तीय बिड

### (क)तकनीकी बिडः–

निविदार्त्ता को **'तकनीकी बिड'** (प्रपत्र 'क') के साथ निम्नांकित कागजातों की स्वःअभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना होगा। सभी अभिलेखों का मूल प्रमाण–पत्र तकनीकी बिड खोलने के समय प्रस्तुत करना होगा।

I- अग्रधन के रूप मेंरू० 50,000/– (पचास हजार रूपये) सत्यंकार राशि जमा करने का प्रमाण।
II- पैन/टैन कार्ड की स्वःअभिप्रमाणित छायाप्रति।
III- वर्ष 2019–20 एवं 2020–21 केआयकर रिटर्न (Assessment year 2020-21 & 2021-22) की स्वःअभिप्रमाणित छायाप्रति।
IV- जी.एस.टी. निबंधन से संबंधित प्रमाण–पत्र की स्वःअभिप्रमाणित छायाप्रति।
V- पता और पहचान से संबंधित प्रमाण–पत्र की स्वःअभिप्रमाणित छायाप्रति।
VI- श्रम संसाधन विभाग में निबंधन से संबंधित प्रमाण–पत्र की स्वःअभिप्रमाणित छायाप्रति।
VII- फर्म के नाम निविदा समर्पित करने की स्थिति मेंपार्टनरशीप डीड की स्वःअभिप्रमाणित छायाप्रति।
VIII- फर्म के नाम निविदा समर्पित करने की स्थिति में निविदाकर्त्ता के लिए फर्म के प्राधिकार–पत्र की मूलप्रति।
IX- कार्य अनुभव से संबंधित प्रमाण–पत्र कीस्वःअभिप्रमाणित छायाप्रति।
X- संबंधित पुलिस थाना से निर्गत व्यवहार/आचरण प्रमाण–पत्र।
XI- राजपत्रित पदाधिकारी द्वारा निविदाकर्त्ता का अभिप्रमाणित हस्ताक्षर।
XII- नोटरी का मूल शपथ–पत्र जिसमें निविदाकर्त्ता घोषणा करेंगे कि उनका नाम सरकारी/गैर सरकारी संस्था द्वारा काली सूची में दर्ज नहीं किया गया है और न ही कृष्णचिन्हित किया गया है।
XIII- नोटरी का मूल शपथ–पत्र जिसमें निविदाकर्त्ता घोषणा करेंगे कि उनके द्वारा निविदा के साथ समर्पित कोई भी कागजात/अभिलेख निविदा खोलने के समय अथवा उसके बाद कभी भी असत्य, जाली अथवा नकली पाया जाता है तो उनके विरूद्ध सक्षम प्राधिकार द्वारा विधि सम्मत कार्रवाई की जा सकती है।
XIV- अन्य कोई विशेष सूचना।

नोटः– कम्पनी/एजेंसी के नाम पर निविदा समर्पित किए जाने की स्थिति में सभी दस्तावेज कम्पनी/एजेंसी के होने चाहिए। व्यक्ति विशेष द्वारा निविदा भरे जाने की स्थिति में सभी दस्तावेज संबंधित व्यक्ति के होने चाहिए।

### (ख) वित्तीय बिड

निविदाकर्त्ता 'वित्तीय बिड' (प्रपत्र–'ख') पर ही साफ–साफ अक्षरों में **अपना दर अंकित करेंगे जो अंक एवं शब्द दोनों में होना चाहिए। उनके द्वारा अर्पित दर में आयकर तथा बिक्री कर की देय राशि सम्मिलित होगी जिसकी कटौती सफल निविदाकर्त्ता के विपत्र से की जायेगी।** सशर्त एवं त्रुटिपूर्ण निविदा अस्वीकृत कर दी जायेगी।

कृ०पृ०उ०

अन्य शर्तेः–

1. तकनीकी निविदा में सफल निविदादकर्त्ता से निविदा समिति द्वारा सफाई की तकनीकी, सामग्री की गुणवत्ता आदि पर साक्षात्कार किया जायेगा। यह साक्षात्कार तकनीकी निविदा का एक अंश होगा।

2. निविदाकर्त्ता को तकनीकी बिड के साथ रू० 50,000/– (पचास हजार रूपये) सत्यंकार राशि जमा करना होगा।

3. सफल निविदाकर्त्ता, निविदा की स्वीकृति की तिथि के तीन दिनों के अन्दर एकरारनामा (एग्रीमेंट) के लिए **रू० 1000/– (एक हजार रूपये) मात्र** का नन–जूडिशियल स्टाम्प निदेशक, संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना के कार्यालय में समर्पित करेंगे तथा एकरारनामा पर हस्ताक्षर करेंगे।

4. सफल निविदाकर्त्ता एक माह की अर्पित राशि, जमानत राशि के रूप में कार्यादेश के पूर्व जमा करेंगे। जमानत की राशि राष्ट्रीयकृत बैंक के एस०टी०डी०आर० के रूप में होगा जो निदेशक, संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना के पदनाम में प्लेज्ड होना चाहिए।

5. असफल निविदाकर्त्ता की सत्यंकार राशि, निविदा के अन्तिम निर्णय के बाद आवेदनोपरांत वापस करने की कार्रवाई की जाएगी।

6. यदि सफल निविदाकर्त्ता जमानत की राशि निर्धारित समय पर जमा करने में एवं एकरारनामा पर हस्ताक्षर करने में विफल रहते हैं तो उनके द्वारा जमा की गयी सत्यंकार राशि राज्यसात कर ली जायेगी।

7. संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना, माह मार्च से अक्टूबर तक प्रातः 5:00 बजे से संध्या 6:00 बजे तक तथा नवम्बर से फरवरी तक प्रातः 6:00 से संध्या 5:00 बजे तक खुला रहता है। अतः सभी शौचालयों, खुले प्रसाधन केन्द्र, पेयजल आपूर्ति केन्द्र एवं टंकी तथा उसके आसपास की सफाई प्रतिदिन सफल निविदाकर्त्ता को कराना होगा। उक्त अवधि में सफाई कार्य के लिए एक पर्यवेक्षक सहित कम से कम 20 (बीस) सफाई कर्मी, जिसमें महिला टॉयलेट के लिए 06 (छः) महिला सफाई कर्मी रखना अनिवार्य होगा। निरीक्षण के दौरान निर्धारित संख्या में सफाई कर्मी नही पाये जाने पर 50% तक की राशि की कटौती सफल निविदाकर्त्ता के विपत्र से की जा सकती है। महिला शौचालयों पर केवल महिला सफाईकर्मी ही कार्य करेंगी।

8. यदि L-1 सफल निविदाकर्त्ता के द्वारा किया जा रहा कार्य संतोषजनक नहीं पाया जाता है तो उनकी निविदा को रद्द कर L-1 के दर पर L-2 को कार्य करने को मौका दिया जा सकता है।

9. सफल निविदाकर्त्ता को उच्चाधिकारियों के निर्देश का त्वरित अनुपालन करना अनिवार्य होगा।

10. प्रत्येक सोमवार को शौचालयों के रख–रखाव हेतु पलम्बर से प्रत्येक नल एवं अन्य उपकरण का नियमित जाँच एवं मरम्मत तथा मशीन द्वारा फर्श की सफाई सहित शौचालय के दीवारों, खिड़कियों, दरवाजों तथा छतों का सफाई किया जाना अनिवार्य होगा। साथ ही उसके आसपास के क्षेत्रों को सफाई के उपरांत ब्लीचिंग पाउडर/चूना का छिड़काव भी करना होगा।

11. शौचालय तथा उसके आसपास की सफाई का कार्य 1–2 घंटे में समाप्त हो जाता है। तदोपरान्त सफल निविदाकर्त्ता के पर्यवेक्षक उद्यान पदाधिकारी के निर्देश पर उद्यान के अन्दर अपने सफाई कर्मियों से प्लास्टिक चुनवाने एवं अन्य सफाई का कार्य करायेंगे।

12. सफल निविदाकर्त्ता को प्रत्येक माह के अन्तिम सोमवार को उद्यान के झील की सफाई कराना अनिवार्य होगा।

13. संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना सरकार द्वारा 'आवश्यक सेवा' घोषित है। अतः कभी भी सफाई कार्य के लिए सफाई कर्मियों की आवश्यकता पड़ सकती है। उच्चाधिकारी द्वारा किसी भी समय (रात्रि में भी) सूचना देने पर सफल निविदाकर्त्ता को तुरत दो सफाई कर्मी उपलब्ध कराना होगा।

कृ०पृ०उ०

14. सफाई कार्य का निरीक्षण उद्यान के पदाधिकारियों द्वारा समय–समय पर किया जायेगा। सफल निविदाकर्त्ता इस बात को सुनिश्चित करेंगे कि संध्या समय उद्यान छोड़ने से पूर्व सभी शौचालयों, खुले प्रसाधन केन्द्र एवं पेयजल आपूर्ति केन्द्र की सफाई अच्छी तरह कर ली गई है जिसका निरीक्षण उद्यान प्रशासन द्वारा प्रतिदिन संध्या में कराया जाएगा। सफाई कार्य संतोषजनक नहीं पाये जाने पर सफल निविदाकर्ता अर्थदंड के भागी होंगे जो स्वीकृत दर का कम से कम 10% होगा। साथ ही उनके विरूद्ध आवश्यक कार्रवाई करने का अधिकार निदेशक, संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना को सुरक्षित रहेगा।

15. सफल निविदाकर्त्ता को सफाई के लिए अच्छी गुणवत्ता की सफाई सामग्री यथा Harpic, Phenyl, Salt acid, Floor cleaner, Naphthalene balls, Odonil, Bleaching powder, Lime powder (for outside toilets & urinals) का नियमित प्रयोग एवं हैंडवाश बेसिन पर हैंडवाश की उपलब्धता सुनिश्चित करनी होगी। प्रत्येक माह न्यूनतम लगभग 6000 (छः हजार) रूपये का उपरोक्त सामग्री का क्रय करना होगा तथा भंडार पंजी में दर्ज करना होगा, जिसकी भौतिक सत्यापन वनों के क्षेत्र पदाधिकारी, वनस्पति प्रक्षेत्र/स्थानीय पदाधिकारी द्वारा प्रत्येक माह की जायेगी एवं भंडार पंजी पर उक्त पदाधिकारी द्वारा हस्ताक्षर प्राप्त करना होगा। सफाई सामग्रियों की सुरक्षा की जवाबदेही सफल निविदाकर्त्ता की होगी।

16. सफल निविदाकर्त्ता अपना मासिक विपत्र तीन प्रतियों में वनों के क्षेत्र पदाधिकारी, वनस्पति प्रक्षेत्र के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा करेंगे। विपत्र को वनों के क्षेत्र पदाधिकारी संबंधित माह में सफल निविदाकर्त्ता द्वारा कराये गये कार्यों पर टिप्पणी लिखते हुए भुगतान के संबंध में अपनी अनुशंसा देंगे।

17. सफल निविदाकर्त्ता को सफाई कार्य हेतु रखे जाने वाले कर्मियों का ई.पी.एफ. निबंधन कराना अनिवार्य होगा तथा प्रत्येक माह कर्मियों के ई.पी.एफ. में किये गये कटौती का विवरण निदेशक, कार्यालय को समर्पित करना होगा।

18. सफल निविदाकर्त्ता को श्रम संसाधन विभाग द्वारा समय–समय पर अधिसूचित न्यूनतम मजदूरी का भुगतान अपने सफाई कर्मियों को उनके बैंक लेखा के माध्यम से करना अनिवार्य होगा तथा प्रत्येक माह कर्मियों के भुगतान की गई मजदूरी की छायाप्रति निदेशक, कार्यालय को समर्पित करना होगा।

19. सफल निविदाकर्त्ता को उद्यान स्थित सभी जल स्रोतों एवं आस–पास के क्षेत्रों की सफाई प्रतिदिन करायेंगे तथा पानी के टंकी की सफाई प्रत्येक माह के प्रथम सप्ताह में कराना अनिवार्य होगा जिसमें UV light treatment भी सम्मिलित होगा, तथा सफाई की तिथि स्थलवार अंकित करना होगा।

20. सफल निविदाकर्त्ता को शौचालयों एवं जल स्रोतों के रख–रखाव हेतु समय–समय पर टूटे या चोरी हुए सामग्रियों का बदलाव यथा नल, फ्लश, सेंसर लाईट आदि मानक कंपनियों से निर्मित अच्छे गुणवत्ता वाले सामग्रियों से कराना होगा।

21. सफल निविदाकर्त्ता द्वारा अपने सफाई कार्य में प्रतिनियुक्त प्रत्येक कर्मियों को ब्लू टी–शर्ट जिसके पीठ वाले हिस्से पर **सफाई कर्मी** पीला रंग से अंकित होगा तथा ब्लू पैंट पहनकर तथा नेम प्लेट लगाकर कार्य करना होगा। निर्धारित यूनिफॉर्म के बिना कार्य पर उपस्थित होने वाले सफाई कर्मी को जू से बाहर कर दिया जायेगा।

22. सफाई कार्य की गुणवत्ता में कमी पाये जाने एवं संतोषजनक नहीं पाये जाने पर निदेशक, संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना को यह अधिकार होगा कि बिना पूर्व सूचना अथवा नोटिस के सफल निविदाकर्त्ता के साथ हुए एकरारनामे को रद्द कर दें तथा सफल निविदाकर्त्ता द्वारा जमा की गई जमानत की राशि को राज्यसात कर लें। यदि सफल निविदाकर्ता, निविदा अवधि के बीच कार्य छोड़ते हैं तो वैसी स्थिति में उनके निविदा को रद्द कर जमानत/प्रतिभूति राशि राज्यसात करने तथा उन्हें कृष्णचिन्हित करने का पूर्ण अधिकार निदेशक, संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना को होगा।

कृ०पृ०उ०

23. किसी भी विवाद के निपटारा का न्याय क्षेत्र पटना होगा।

24. एकरारनामा अवधि में यदि द्वितीय पक्ष का कार्य संतोषप्रद पाया गया तो इनके साथ वर्त्तमान दर पर ही अगले एक साल के लिए अवधि विस्तार करने पर विचार किया जा सकता है।

25. निविदा प्रपत्र में निविदाकर्त्ता इस बात को प्रमाणित करेंगे कि उन्होंने निविदा के सभी शर्तों को पढ़ा/पढ़वाया और समझा है तथा वे सभी शर्तों को स्वीकार करते हैं।

26. निदेशक, संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना, को बिना कारण बताये किसी भी समय निविदा पूर्ण होने के पूर्व रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।

09/01/2013

निदेशक,
पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण, पटना।

**TECHNICAL BID for Cleaning of all toilets, urinals, drinking water facilities, tanks and its nearest areas, lake and other cleaning works in Sanjay Gandhi Biological Park, Patna for the period from 01.02.2023 to 31.01.2024.**

## Proforma – Ka

| Name & address of the tenderer | |
|---|---|

| Sl. No. | Technical Information | Submission by Tenderer |
|---|---|---|
| 1 | Proof of Earnest Money Deposit of Rs. 50,000/- | |
| 2 | Photocopy of PAN No./TAN No. duly self-signed by the Tenderer. | |
| 3 | Photocopy of Income Tax return of last two years (2019-20 and 2020-21) (Assessment year 2020-21 & 2021-22) duly self- signed by the Tenderer. | |
| 4 | Photocopy of GST registration duly self-signed by the Tenderer. | |
| 5 | Photocopy of Address proof & Identity proof duly self- signed by the Tenderer. | |
| 6 | Photocopy of registration in Labour Resource Department duly self- signed by the Tenderer. | |
| 7 | In case of firm/company, photocopy of partnership deed duly signed by the Tenderer. | |
| 8 | In case of firm/company, Authorization letter of firm for submitting the tender. | |
| 9 | Photocopy of work experience duly signed by the tenderer. | |
| 10 | Behaviour/Character certificate issued by concerned Police Thana. | |
| 11 | Specimen signature duly attested by Gazetted Officer. | |
| 12 | Affidavit issued by Notary regarding black-list. | |
| 13 | Affidavit issued by Notary regarding submission of true documents. | |
| 14 | Any other information | |

(1) All documents duly self- signed should be uploaded in E-tender. Original documents to be shown by the bidder to the Tender Committee at the time of opening of Technical bid.
(2) In case of firm/company, all documents should be in the name of firm/company.

**FINANCIAL BID for Cleaning of all toilets, urinals, drinking water facilities, tanks and its nearest areas, lake and other cleaning works in Sanjay Gandhi Biological Park, Patna for the period from 01.02.2023 to 31.01.2024.**

**Proforma – Kha**

| | |
|---|---|
| Name of the tenderer | |
| Father's Name | |
| Correspondence address | |
| Mobile No. | |
| Rate offered per month | Rs.<br>(Rate offered includes all taxes. Income tax & GST will be deducted from this offered rate.) |

2. I have read/taught and understood all the terms & conditions and accept all of them.

3. I am ready to clean all Toilets, urinals, drinking water facilities, Tanks and its nearest areas, lake and other cleaning works in Sanjay Gandhi Biological Park, Patna for the period from 01.02.2023 to 31.01.2024 as per terms and conditions.

4. I will deposit one month offer amount as Security Deposit as per condition-4 (other conditons).

5. Any correspondence made on the above address will be acceptable to me.